उ.प्र. शासन

प्रवासी भारतीय (NRI) विभाग

संख्या-320/93-21-09NRI(FOLLOW-UP)/2021

लखनऊ:दिनांक-08.04.2021

विशेष सचिव,
आई.टी.एवं इलेक्ट्रोनिक्स विभाग,
उत्तर प्रदेश शासन |

कृपया उत्प्रवासी महासंरक्षक(PGE) सह संयुक्त सचिव OIA, विदेश मंत्रालय, भारत सरकार के साथ अपर मुख्य सचिव, प्रवासी भारतीय (NRI) सह आई.टी.एवं इलेक्ट्रानिक्स विभाग की अध्यक्षता में दिनांक: 24.03.2021 को संपन्न बैठक के कार्यवृत्त संख्या- 277/93-21-16NRI/2017 दिनांक: 26.03.2021 (प्रति संलग्न) का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें | कार्यवृत्त का बिंदु संख्या- 3 का उप-प्रस्तर- (x) पर निर्णित कार्यवाही के बिंदु निम्नवत हैं:-

(x) "भारत सरकार की डिजिटल इंडिया प्रोग्राम के अंतर्गत e DISTRICT परियोजना के अंतर्गत संचालित Common Service Centres Scheme द्वारा ग्राम्य पंचायत स्तर पर VLEs(Village Level Entrepreneurs) द्वारा citizen services की सेवायें यथा- Certificates, licence, Ration Card, Disbursement of Social welfare pensions, online filing of RTI, Land Registration, land records, Government taxes, utility bill payments प्रदान की जाती हैं | UPFC-OMRA के लिए हितकर यह होगा कि e DISTRICT परियोजना के अंतर्गत प्रदत्त उक्त सेवाओं में विदेशों में रोज़गार के इच्छुक लोगो के पंजीकरण की सुविधा Common Service Centres & e Services में सम्मिलित कर दी जाय तथा e DISTRICT पोर्टल का एक्सेस UPFC-OMRA के साथ शेयर कर लिया जाय जिससे अधिकाधिक संख्या में लोगों को UPFC OMRA के माध्यम से विदेशी रोज़गार के अवसर प्रदान किये जा सकेगें |"

2. अतः,अनुरोध है कि कृपया उपर्युक्त उल्लिखित निर्णीत कार्यवाही के बिंदु पर अग्रतर कार्यवाही प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित कराते हुए कृत कार्यवाही से अवगत कराने का कष्ट करें | इस सम्बन्ध में एन.आर.आई विभाग के नालेज पार्टनर (PMU)- KPMG एवं OMNI net द्वारा समस्त अपेक्षित सहयोग प्रदान किया जायेगा |

संलग्नक : यथोक्त

(जय प्रकाश)
संयुक्त सचिव |

पृष्ठांकन सं०–320(1)/93-21-09NRI(FOLLOW-UP)/2021 तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1. PGE & Joint Secretary (OIA-I), MEA, GoI, अकबर भवन, चाणक्यपुरी, नई दिल्ली-110021 |
2. प्रबंध निदेशक,UPFC NRI CELL 14/88 सिविलकानपुर |

3. प्रबंध निदेशक, UPDESCO, अपट्रान बिल्डिंग, गोमती नगर, लखनऊ को इस आशय से प्रेषित कि कृपया उपर्युक्तानुसार कार्य सम्पादन में सहयोग हेतु किसी सक्षम अधिकारी को नामित कर अवगत कराने का कष्ट करें |
4. निजी सचिव, अपर मुख्य सचिव, प्रवासी भारतीय(NRI) विभाग उ.प्र. शासन |
5. TEAM KPMG को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि उपर्युक्तानुसार कार्य पूर्ण कराने में समस्त अपेक्षित सहयोग प्रदान करें |

आज्ञा से,

(जय प्रकाश)
संयुक्त सचिव |